
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919




**22वां रोजा**

शिया
सहरी : 4:36 बजे
इफ्तार : 06 :23 बजे

सुन्नी
सहरी : 4 :22 बजे
इफ्तार : 06 :34 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 73 साल में 11.81 लाख के पार वोटर्स का कुनबा

## 2024 में 19 लाख से अधिक पहुंच गई वोटरों की संख्या, हर चुनाव में बढ़ते गए प्रत्याशियों के भाग्य विधाता

**लोकसभा चुनाव**

- 1951 के चुनाव में थी 730269 वोटरों की संख्या

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचारः** आजादी के बाद पहली बार सन 1951 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद जिले में प्रत्याशियों के भाग्यविधाता कहे जाने वाले मतदाताओं का कुनबा आज 19 लाख 11 हजार 666 तक पहुंच गया है। सात दशक से अधिक समय में बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र के वोटरों में 11 लाख 81 हजार 397 का इजाफा हुआ है। वर्ष 1951 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 7 लाख 30 हजार 269 थी जो इस बार 19 लाख 11 हजार 666 तक पहुंच गई है।

देश के पहले आम चुनाव में इस सीट का नाम लखनऊ डिस्ट्रिक्ट कम बाराबंकी था। इस सीट पर पहली बार 1951 में हुए चुनाव में 7 लाख 30 हजार 269 मतदाताओं में से 4 लाख 98 हजार 95 ने हिस्सा लेकर जिले का पहला सांसद चुना था। इस बीच लोकसभा क्षेत्र में वोटर बढ़े और घटे भी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 19 लाख 11 हजार 666 हो गई है। इसमें दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के वोटर शामिल नहीं हैं। इस तरह देखे तो पिछले सात दशक से भी ज्यादा समय में वोटरों की संख्या में 11 लाख 81 हजार 397 मतदाताओं का इजाफा हुआ है। इसके बाद सन 1957 के दूसरे चुनाव में जहां वोटरों की संख्या 8 लाख नौ हजार 955 पहुंची थी, वहीं इसके बाद मतदाताओं की संख्या में लगभग बढ़ोत्तरी ही होती गई।



### बाराबंकी लोकसभा सीट में हैं पांच विधानसभा क्षेत्र

53-बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें बाराबंकी सदर, जैदपुर, हैदरगढ़, रामनगर, कुर्सी शामिल हैं जबकि दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र अयोध्या लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां करीब 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता हैं जबकि बाराबंकी लोकसभा सीट में 19 लाख 11 हजार 666 वोटर हैं। इस प्रकार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 23 लाख 29 हजार 417 है।

### पहले चुने जाते थे दो सांसद

1962,1967 और 1971 के लोकसभा चुनाव में जिले से दो सांसद चुने गए थे। एक सीट एससी तो दूसरी सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होती थी। एससी सीट के रूप में रामसनेहीघाट तो सामान्य सीट के रूप में बाराबंकी लोकसभा सीट जानी जाती थी। यही वजह है की चार्ट में 1962,1967 और 1971 दोनों सीटों के मतदाताओं की संख्या व पड़े वोटों की संख्या एक साथ जोड़ी गई है। इस कारण वोटरों की संख्या 10 लाख से ऊपर चली गई है।

### साल दर साल वोटरों पर एक नजर

| वर्ष | मतदाता | पड़े वोट |
|---|---|---|
| 1951 | 730269 | 498095 |
| 1957 | 809955 | 727592 |
| 1962 | 851988 | 441863 |
| 1967 | 1032337 | 530739 |
| 1971 | 1090074 | 450104 |
| 1977 | 602833 | 305749 |
| 1980 | 653671 | 311092 |
| 1984 | 692717 | 387428 |
| 1989 | 868388 | 456710 |
| 1991 | 880429 | 450698 |
| 1996 | 1097187 | 507199 |
| 1998 | 1107117 | 582282 |
| 1999 | 1089797 | 631347 |
| 2004 | 1214953 | 540267 |
| 2009 | 1422218 | 743428 |
| 2014 | 1720678 | 1068196 |
| 2019 | 1816103 | 1154376 |
| 2024 | 1911666 | 20 मई को मतदान |

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आशा बहुओं ने ली शपथ



शपथ लेतीं आशा बहुएं व संगिनी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आशा बहुएं भी पीछे नहीं है। सोमवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए आशा बहू स्वास्थ्य सिमित संगठन की जिलाध्यक्ष सुनीता के नेतृत्व में जिलेभर के सभी ब्लॉकों की आशा बहुएं व संगिनियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए शपथ ली।

संगठन की जिलाध्यक्ष ने सभी को शपथ दिलाने के बाद कहा कि 20 मई को होने वाले इस चुनावी महापर्व पर अपने-अपने क्षेत्रों से मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए हर चौखट पर जाकर अपील करना है। यही नहीं, प्रत्येक बूथ पर जाने व मतदान करने के लिए प्रेरित भी करना है। इस अवसर पर संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सिंह ने कहा कि एक अच्छी सरकार बनाने के लिए हम सबको अपने मताधिकार का प्रयोग तो करना ही है, साथ ही लोगों को जागरूक भी करना है। इस दौरान प्रदेश महासचिव राम मनोरथ वर्मा, केदार नाथ, निशा वर्मा, अर्चना मिश्रा और प्रेमलता सहित तमाम पदाधिकारी, आशा बहुएं व संगिनी मौजूद रहीं।

**एक नजर**

### डंपर की टक्कर से तीन लोग घायल, भर्ती

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मसौली ग्राम पूरे जबर निवासी 35 वर्षीय सोहन लाल पुत्र राजकिशोर व देवा थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी हंसराज पुत्र दलरंजन रामनगर, ग्राम बनकी निवासी 19 वर्षीया सरिता पुत्री रामनरेश बाइक से गोंडा-लखनऊ मार्ग से बाराबंकी की ओर जा रहे थे। हाईवे के ग्राम दल सराय स्थित पेट्रोल पंप के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों को भर्ती कराया गया है।

### भाजपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को होगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के साथ क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश सिंह और जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### कलश यात्रा निकली

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र के वीवियापुरघाट में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत की गई। डॉ. बृजेश मिश्रा व ज्ञानवती ने बताया कि भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ यह ज्ञान यज्ञ 7 अप्रैल तक चलेगा। अंतिम दिन पूर्ण आहुति के बाद भंडारा होगा।

# एचटी लाइन की चिंगारी से जली गेहूं की फसल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के ताला गांव में सोमवार दोपहर दो किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की पकी-पकाई फसल हाईटेंशन लाइन के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से जल गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर किसी तरह काबू पाया। इसके बाद भी किसानों की करीब दो बीघा से ज्यादा फसल जल गई।

नगर पंचायत रामसनेही घाट के ताला गांव में धर्म राज और मालिनपुर गांव निवासी राम बरन का ताला गांव में ही अगल-बगल खेत है। खेत के ऊपर से 11 और 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजरी हुई है। दिन भर चली तेज हवाओं के कारण हाईटेंशन बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने पर निकली चिंगारी से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने से उठ रहे धुएं के गुबिार को देखते ही ग्रामीण भागकर खेत पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन हवा के साथ बढ़ रही आग को बुझाने में वे असफल रहे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के प्रभारी चंद्र भूषण शुक्ला ने फायर मैन शनवाज खां ,अभिषेक तिवारी,आशीष पाल आदि के साथ मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दो बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी।



आग पर काबू करने का प्रयास करते दमकलकर्मी। अमृत विचार

### गेहूं के खेत में लगी आग

**हरख, बाराबंकी : अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर गांव में सोमवार को गेहूं के खेत में आग लग गई। आग से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गांव में उत्तम वर्मा व रमापति धीमान के खेत में लगी इस आग को बुझाने के लिए ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक करीब चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नवाबगंज तहसील प्रशासन से शाम तक आकलन के लिए कोई नहीं पहुंचा।

### खेत में उठीं आग की लपटें

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचारः** क्षेत्र के खेत में अचानक आग की लपटें उठने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। क्षेत्र के अमसेरूआ टिकरियां गांव में सोमवार दोपहर रामसमुझ कनौजिया पुत्र भल्लू के खेत में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते तेज हवाओं के चलने से पड़ोसी राजकुमार के खेत को भी आग ने चपेट में ले लिया। आग की भयावक लपटें देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वह आग बुझाने का प्रयास करने लगी। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दोनों काश्तकारों की करीब डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल अब्दुल अहद ने नुकसान का आंकलन किया है।

**सार-संक्षेप**

### जवानों ने कराया सुरक्षा का एहसास



रूट मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने सोमवार को मसौली थाना क्षेत्र में रूट मार्च कर क्षेत्रीय लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। जवानों ने सभी से पूरी तरह निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। यह रूट मार्च कस्बा मसौली, बासां, बड़ागांव, सआदतगंज, अनूपगंज, देवकलिया, शहाबपुर के रास्ते गुजरा। इस दौरान सीओ रामनगर आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमसाद अली, करबा इंचार्ज अनिल सिंह, विभूति द्विवेदी, रमेश चंद्र, पप्पू दीवान आदि मौजूद रहे।

### बीडीओ ने किया बूथ का निरीक्षण



बूथ का निरीक्षण करते बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर बनीकोडर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने सोमवार को ग्राम पंचायत सादुल्लापुर के प्राथमिक विद्यालय पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ तक पहुंचने के लिए मार्ग की जानकारी ली। बीएलओ व ग्राम विकास अधिकारी को स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित करने, अधिक से अधिक मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने, मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



वाहन की चेकिंग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने सोमवार को कस्बे के पटेल चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों पर लगे विभिन्न पार्टियों के झंडे उतारे गए और वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए किसी भी प्रकार का कोई पार्टी झंडा नहीं लगा होना चाहिए। चौराहे से गुजर रहे दो व चार पहिया वाहनों की भी गहन चेकिंग की गई। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि पांच वाहनों से पार्टी के झंडे उतारे गए जबकि कई वाहनों की तलाशी ली गई लेकिन कोई प्रचार सामग्री या वस्तु बरामद नहीं हुई।

### धोखाधड़ी व जालसाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संगठित गिरोह बनाकर धोखाधड़ी व जालसाजी कर संपत्ति अर्जित करने वाले तीन अभियुक्तों के खिलाफ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के आदेश व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को कार्रवाई की गई। सुकेश राजन पुत्र नरेश कुमार पुत्र इंद्रदेव प्रसाद निवासी इंदिरा नगर जनपद लखनऊ व जनपद बलिया निवासी अमित राजन पुत्र स्व. सुभाष राम निवासी पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। अभियुक्त सुकेश राजन पर बाराबंकी और लखनऊ में लगभग आधा दर्जन से अधिक मामलों में मुकदमें दर्ज हैं जबकि नरेश कुमार पर बाराबंकी सहित लखनऊ में अलग- अलग मामलों में तीन व अमित राजन पर बाराबंकी के देवा थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ सोमवार को बड़ी कार्रवाई की।

# राजरानी ने महादेवा में किया जलाभिषेक

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सोमवार को लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर मानव कल्याण की कामना की। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान राजरानी का जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

ग्राम मंझौनी में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी तो बुढ़वल चौराहे पर कस्बा अध्यक्ष रामशरण पाठक ने नगरवासियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक शरद अवस्थी, सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख लकी सिंह, भाजपा नेत्री कल्पना तिवारी, अर्चना मिश्रा, राधा कृष्ण मिश्रा, प्रवेश शुक्ला आदि रहे।



लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषक करतीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत।

### क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचीं भाजपा प्रत्याशी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद सोमवार को पहली बार क्षेत्र पहुंचीं राजरानी रावत का जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राजरानी ने बदोसराय चौराहे पर समाजवादी विचारक रामसेवक यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कोटवाधाम में सतनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहेब की समाधि पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। उनके साथ पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अमित पांडेय आदि रहे।

# राज्यमंत्री ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश के खाद्य रसद मंत्री ने सोमवार को दशहरा बाग स्थित हिंदुस्तानी समूह द्वारा संचालित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों की सुविधा के लिए इस पुस्तकालय को चलाने के लिए हिंदुस्तानी समूह के अध्यक्ष डॉ. राजकिशोर की सराहना की।

इस दौरान डॉ. राजकिशोर ने बताया इस पुस्तकालय का लाभ उन छात्रों को सबसे अधिक होगा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें हैं और महंगी पुस्तकें खरीदने में सक्षम नहीं हैं। पुस्तकालय को पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया जा रहा है और ये 24 घंटे छात्रों के लिए खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए हिंदुस्तानी समूह पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, अधिवक्ता विकास मिश्रा, जिपं सदस्य जवाहर लाल वर्मा, कौशल किशोर त्रिपाठी, रमेश चंद्र शुक्ला सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



पुस्तकालय का उद्घाटन करते मंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार

**जागरूकता** जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की, रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 10 से 30 अप्रैल तक घर-घर दस्तक देंगी आशा बहुएं-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत सोमवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सीएमओ कार्यालय में की। साथ ही जन-जागरूकता के लिए रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग की आशा बहुएं, नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही वाहनों पर अभियान से संबंधित बैनर, पोस्टर, फॉगिग मशीन, नेपसेक पम्प रखकर लोगों को जागरुक किया गया। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर पालिका के प्रांगण में एक गोष्ठी के रूप में समाप्त हुई। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अवधेश यादव समेत कई विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें आशा बहुएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायती राज, नगर पालिका, नगर पंचायतें और बेसिक शिक्षा समेत अन्य कई विभागों द्वारा एक समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने का काम करेंगे जिससे संचारी रोगों से लोगों का बचाव हो सके। डीएम ने सीएमओ कार्यालय का निरीक्षण भी किया।






रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम, सीएमओ व अभियान की शुरुआत करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक बनीकोडर के सभागार में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता के लिए सफाईकर्मियों की बैठक हुई। इसमें बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी सफाईकर्मी अपने तैनाती वाले गांवों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें। साथ ही ग्रामीणों को सफाई के लिए जागरूक करें। जिन गांवों में सफाईकर्मियों की तैनाती नहीं है, उनमें रोस्टर लगाकर सफाई सुनिश्चित कराएं। किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आप लोग गांवों में झाड़ियों, नालियों की सफाई के साथ गंदे पानी में एंटी लारवा का छिड़काव कराएं। उन्होंने 20 मई को जनपद में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए बूथों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही मतदाता शपथ दिलाई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत व सभी ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।



कर्मचारियों को शपथ दिलाते बीडीओ।

# लैब-लाइब्रेरी के निर्माण में कार्यदायी संस्था पर धांधली का आरोप

**भ्रष्टाचार**

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में चल रहा कार्य
- ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने की एडीएम से की शिकायत

सतरिख, बाराबंकी



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में चल रहा निर्माण कार्य।



निर्माण स्थल पर रखीं पीली ईंटें। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में छात्राओं को प्रयोगशाला और पुस्तकालय सहित अन्य सुविधाएं मिल सके, इसके लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत एक करोड़ से अधिक धनराशि से चार कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। आरोप है कि मानकविहीन सामग्री प्रयोग की जा रही हैं। एडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख में एक करोड़ तीन लाख 55 हजार रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड विभाग अयोध्या प्रखंड द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष, मल्टी परपज हॉल और पुस्तकालय का बन रहे हैं। पहली किस्त के रूप में 51 लाख 88 हजार अवमुक्त हो चुके हैं। पनिहल निवासी रिंकू विश्वकर्मा का आरोप है कि निर्माण कार्य में जमकर धंधली की जा रही है। गुड़वत्ता का बिल्कुल ख्याल नहीं रखा जा रहा है। मानक विहीन सामग्री उपयोग की जा रही है। भवन बनकर तैयार है और प्लास्टर करा घटिया ईंट ढकी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया की यह धांधली कॉलेज प्रबंधन और निर्माण कराने वाली संस्था की मिलीभगत से चल रही है, इसीलिए अब तक इस कार्य की कोई जांच तक नहीं की गई और न ही उच्चाधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया गया।

> निर्माण कार्य काफी दिनों से चल रहा है लेकिन क्या बन रहा है, इसकी जानकारी नहीं है। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से ही मिल सकती है।
> –**संगीता चौधरी**, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सतरिख।

> निर्माण कार्य किसी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। यह पता करा जांच कराई जाएगी और अगर आरोप सही साबित होते हैं तो कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। –**अरुण कुमार सिंह**, एडीएम, बाराबंकी।

**एक नजर**

### 85 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 85 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। नगर कोतवाली पुलिस ने राहुल कुमार निवासी पुरानी सब्जी मंडी आजाद नगर के पास से55 ग्राम व सतरिख पुलिस ने बगुलहा थाना क्षेत्र, जनपद लखनऊ निवासी मुकेश निषाद के पास से 30 ग्राम स्मैक बरामद कर जेल भेज दिया।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में सोमवार को घर के सामने सरसो की पिंजायी लगाने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। शिकायत करने पर पुलिस ने कार्रवाई के बजाए उल्टे पीड़िता का ही 151 में चालान कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के देवीगंज का है। यहां की फूलमती पत्नी महेश के अनुसार सोमवार दोपहर गांव के ही शुभकरन उर्फ भुल्लर पुत्र रामफल, ममता पत्नी शुभकरन ने उसकी पिटाई कर दी। शिकायत की तो हल्का दरोगा ने पीड़िता का भी चालान कर दिया।

### बच्चा कुएं में गिरा, मौत

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार शाम दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के कुसफर निवासी रविचंद्र के 4 वर्षीय पुत्र आदर्श की कुएं में गिरकर मौत हो गई। वह खेलते-खेलते घर के पास स्थित कुएं में गिर गया। घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 995 ग्राम गांजा बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस ने मोहल्ला शेख तीन नूरी कस्बा देवा निवासी मो. वसीम को 995 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# गर्मी के तेवर बढ़े, धूप से लोग बेहाल

## लू चलने से बढ़ी बेचैनी, तापमान बढ़ने के आसार



लू व धूप से बचाव के लिए दुपट्टे से मुंह ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गर्मी के तेवर बढ़ते ही लोगों में बेचैनी दिखनी शुरू हो गई है। लोग अब घरों से निकलने में हिचकने लगे हैं। तापमान बढ़ते ही धूप भी तेज होने लगी है जिससे बचने के लिए लोग सिर पर रूमाल, गमछा या छाता लेकर निकल रहे हैं। गर्मी के बावजूद शहर में शीतल जल की व्यवस्था ना के बराबर है, चाहे वो रेलवे स्टेशन हो, बस स्टेशन या फिर जिला अस्पताल या फिर कोई चौराहा या अन्य सार्वजनिक स्थान। कहीं भी कोई सुविधा नहीं है जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह होते ही चिलचिलाती धूप में लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लू चलने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अप्रैल शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं।

इस बार मार्च के तीसरे सप्ताह से ही गर्मी का एहसास शुरू हो गया था। लोगों ने पंखे तो चलाना शुरू किए लेकिन मौसम बदलने के कारण कूलर, एसी से बचते रहे। अप्रैल शुरू होते ही गर्मी का असर और बढ़ गया। कड़ी धूप के कारण दिनभर सड़कों पर रहने वाली भीड़ अब कम होने लगी है। लोगों ने कूलर और एसी की मरम्मत कराना शुरू कर दी है। दोपहर होते ही सूर्य की किरणें लोगों को चुभने लगी हैं। दो दिन से चल रही लू से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। 2022 का मार्च अधिकतम तापमान के मामले में 121 वर्षों में दूसरा सबसे गर्म महीना था। इस बार तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। गर्मी को देखते हुए शीतल पेय की दुकानों पर भीड़ जुटने लगी है। इस मौसम मे खासकर गन्ने का जूस लोगों को लुभा रहा है।

### दिनभर बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत स्टेशन बुढ़वल के अंतर्गत प्रमुख तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा, कस्बा रामनगर और रामनगर क्षेत्र के सभी गांवों में सोमवार को विद्युत आपूर्ति पूरे दिन ठप रहीं। इससे लोगों में हाहाकार मचा रहा। गर्मी में लोग दिनभर परेशान रहे। सरकारी कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित रहा। लोग बूंद-बूंद पानी को तरस गए। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों के घरों के पंखे व एसी भी बंद हो गए। इससे परेशानी और बढ़ गई। इस दौरान विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने फोन बंद कर दिए जिससे उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक उत्तर भी नहीं मिल सका। देर शाम अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार यादव ने बताया कि 33 हजार लाइन में खराबी के चलते पूरे दिन सप्लाई बाधित रही। लाइन चालू करने के लिए काम चल रहा है, जल्द ही आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।




तापमान 38 डिग्री...ऐसे में तेज धूप में चलना मुश्किल है। धूप से बचने के लिए एक बेटी ने अपनी मां का आंचल ओढ़ लिया। यह दृश्य शहर के पटेल तिराहे का है। ● शशांक अटल बाजपेई

### दो को चार साल की जेल, एक हजार का जुर्माना लगाया

**बाराबंकी, अमृत विचार:** साल 2019 में 40 क्विंटल सरिया चोरी करने की सजा चार साल के कारावास व एक-एक हजार रुपये के जुर्माने का कारण बनी। न्यायालय ने दो आरोपियों को सोमवार को सजा सुनाई। मामला लोनी कटरा थाना क्षेत्र का है।

गोसाईंगंज लखनऊ निवासी अम्बिका प्रसाद वर्मा ने गुड्डू निवासी जनपद उन्नाव व जयमंगल निवासी बिहार जनपद मुजफ्फरपुर के खिलाफ 40 क्विंटल सरिया चोरी कर ले जाने का केस दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक ने साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किए। मामले में शीघ्र सजा सुनाए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर बनी मानीटरिंग सेल ने तेज पैरवी करते हुए ठोस सबूतों और गवाहों को न्यायालय के सामने रखा। सबूतों व गवाहों को ध्यान में रखकर न्यायालय ने गुड्डू व जयमंगल को 4 साल की जेल व 1-1 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### घर छोड़कर युवक के साथ चली गई युवती

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीया युवती को रविवार आधी रात के बाद गांव का ही एक युवक बहलाकर अपने साथ कहीं ले गया। युवती की के मां ने सोमवार की देर शाम कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मां ने बताया कि उसकी बेटी रात करीब 12 बजे लघुशंका के लिए गई थी। वह लगभग एक घंटा बीत जाने के बाद भी नहीं आयी तो उसकी तलाश की गयी पर उसका कहीं पता नहीं चला। दूसरे दिन भी युवती की तलाश की गई पर सफलता नहीं मिली। बाद में पता चला किगांव का ही एक परिवार जो हमारे परिवार से रंजिश रखता है, उसका पुत्र भी अपने घर से लापता है। मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है ।

**सार-संक्षेप**

### युवा जोश से संगठन को मिली ताकत



ब्लॉक अध्यक्ष के स्वागत के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद धीरेंद्र प्रताप सिंह का सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संगठन के शिक्षक हित के इस फैसले से शिक्षकों में खुशी का माहौल है। उनका कहना है कि युवा जोश के साथ संगठन को नई ताकत मिली है जिससे शिक्षक हित में काम करने में संबल मिलेगा। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए युवा नेतृत्व की जरूरत है। इस दौरान आशा गुप्ता, मालती, जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, दीपक, मोहित, देवेंद्र आदि रहे।

### परिषदीय विद्यालय की प्रज्ञा का नवोदय में चयन



छात्रा प्रज्ञा के साथ शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सराय अकबराबाद की छात्रा प्रज्ञा यादव का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में चयन हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता रस्तोगी ने बताया कि प्रज्ञा होनहार छात्रा है। उसने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 6 में उसका जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओ ने प्रज्ञा की सफलता पर उसके पिता मुन्ना व मां मीना को शुभकामनाएं दीं और छात्रा का हौसला बढ़ाया। प्रज्ञा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की शिक्षिकाओं को दिया है।

### होली मिलन समारोह में एकजुट हुए भाकियू कार्याकर्ता



होली मिलन समारोह में भाकियू के पदाधिकारी व ग्रामीण। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा ग्राम पंचायत शाहपुर में सोमवार को होली मिलन समारोह व सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा का कार्यकर्ताओं न स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश का किसान अन्नदाता है। यदि किसी भी किसान का शोषण किया गया तो मुंह तोड़ जवाब देने का कार्य भाकियू के कार्यकर्ताओं ने किया है। संगठन को मजबूत करने के लिए किसानों को एकजुट होना पड़ेगा। होली का पर्व भाईचारे का पर्व है, हम लोग गले लगकर आपसी दूरियों को कम कर सकते हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो यह संगठन उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस दौरान प्रदेश सचिव दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष राम बरन वर्मा, जिला मंत्री सुनील सिंह, महासचिव अभिषेक बाजपेई, ब्लॉक अध्यक्ष सूरतगंज विजय वर्मा, तहसील अध्यक्ष मुकुंदी लाल वर्मा संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तम गुणों से होती है साधु की पहचानः पं.प्रह्लाद मिश्रा

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** साधुता की कसौटी है आचरण। उत्तम गुणों से ही साधु की पहचान होती है। कोई व्यक्ति साधु या संत तब तक नहीं कहा जा सकता, जब तक उसमें दया-त्याग व परोपकार जैसे गुण न हो।

यह विचार गोंडा से पधारे पं.प्रह्लाद मिश्रा रामायणी ने सोमवार को बहुतधाम के मानस संत सम्मेलन में 8वें दिन व्यक्त किए। रामायणी ने मानस के आधार पर साधु पुरुषों के लक्षण की विस्तृत व्याख्या की। वहीं, शास्त्रीय संगीत के मधुर भजन गायक पन्नालाल ने अपने गायन से श्रोताओं का मन आनंदित कर दिया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



गोमती नदी का जल लाते पंडित शिव कैलाश सरस। अमृत विचार

# धूमधाम से निकला आठों का जुलूस

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** गंगा-जमुनी की तहजीब की मिसाल पेश करने वाले क़स्बा जैदपुर में हर्षोउल्लास के साथ आंठों का जुलूस सोमवार को संपन्न हुआ।

क़स्बा जैदपुर में होली पर्व के 8 दिन बाद निकलने वाला जुलूस आंठों बड़े ही धूमधाम से निर्धारित मार्गों से निकाला गया। जुलूस में श्रद्धालु कस्बा जैदपुर के विभिन्न वार्ड उसरी लोधपुरवा, बगहा आदि मोहल्लों से अपनी अपनी झांकियों के साथ शीतला मंदिर लोधपुरवा में एकत्रित हुए। पूजा-अर्चना के बाद कमेटी के सदस्यों ने झाकियों को रवाना किया। गाजे-बाजे के साथ सुंदर झांकियों की प्रस्तुति की गई। जुलूस महमूदपुर गढ़ी, कदीम बाध चौराहा, छोटा इमामबाड़ा होते हुए संतोषी माता मंदिर प्रांगण में पहुंचकर स्थगित कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ सुमित त्रिपाठी, जैदपुर कोतवाल अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। सभासद राम सिंह रावत, सभासद सुमन कुमार रावत, श्यामू बाबा, डब्बू जायसवाल, सर्वजीत, रामदीन और पुरुषोत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तव दर्शक मौजूद रहे।



आठों के जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**कार्यक्रम** हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय अजान का पुरवा में बीईओ ने बच्चों को किया पुरस्कृत

# परीक्षाफल के साथ मिली नई पुस्तकें

हैदरगढ़, बाराबंकी



छात्रा को किताबें देते बीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय अजान का पुरवा में ग्राम प्रधान शिव दिनेश सिंह की अध्यक्षता एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ की उपस्थिति में पुस्तक व परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस बार शैक्षिक सत्र के पहले दिन विद्यालय के सभी बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं और साथ ही छात्रों को परीक्षाफल भी दिया गया।

वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र मनीष कक्षा 5, प्रियांशु कक्षा 4, प्रीति कक्षा 3, दिव्यांश कक्षा 2, सविता कक्षा 1 को बीईओ व ग्राम प्रधान ने पुरस्कृत किया। बीईओ ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान शिव दिनेश ने कहा कि सत्र के पहले दिन बच्चों तक पुस्तकें पहुंचने से बच्चों व अभिभावकों में उत्साह बढ़ेगा। कार्यक्रम में न्याय पंचायत दतौली के संकुल शिक्षक आशीष त्रिवेदी, ललित शुक्ला, प्रशांत सिंह, विवेक प्रताप सिंह समेत कई शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### खिल उठे बच्चों के चेहरे



छात्रा को पुस्तक वितरित करते बीईओ।

**कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार :** नवीन शिक्षा सत्र 2024-2025 के पहले दिन सोमवार को सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पश्चिम बेलांव, मोतिकपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरब बेलावं समेत तीन दर्जन से अधिक विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को बीईओ सिद्धौर प्रमोद उपाध्याय ने निः शुल्क पठन-पाठन सामग्री वितरित की। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के चलते क्षेत्र के 213 विद्यालयों के सापेक्ष पहले दिन कम संख्या में किताबें पहुंचाई गई हैं लेकिन आज से विद्यालयों में किताबों की खेप पहुंचाई जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी बेटी का पूर्व में नाम फिलजा खान था अब उसका नाम उमैजा खान हो गया है । भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मतीन अहमद खान, मोहल्ला – नौशहरा, बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद रफी अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद रफी अंसारी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के है। अतः मुझे मोहम्मद रफी अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद रफी अंसारी पुत्र मोहर्रम अली निवासी गंगारामपुर नितगंजा बाजार पश्चिमी कस्बा मल्लावां थाना मल्लावां जिला हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मेवालाल पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद निवासी–7 सी/43, वृन्दावन योजना, थाना पी0जी0आई0, लखनऊ**, मेरा पुत्र विशाल व उसकी पत्नी प्रियंका के आये दिन अत्याचार, गाली–गलौच व मेरी पत्नी के साथ मारपीट से तंग आकर हम पति–पत्नी अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
बैनामा संख्या 6479 दिनांक– 18–12–1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकरदयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आईके शर्मा को दिया गया था। जिसका क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8. 2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किन्तु प्रथम बैनामा 6479 रास्ते में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.24 बजे
इफ्तार : 6.37 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.31 बजे
इफ्तार : 6.27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# खेतों में मिले युवक के शव की टैटू से हुई पहचान

▸▸ **25 मार्च को होली मिलन के बाद हुआ था लापता**

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार।** बताते चलें कि रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के मढिया तिलकपुर गांव के दक्षिण हेमपुर निवासी दीपू सिंह के गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने अज्ञात शव दिखने से हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची इमलिया पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ शव की शिनाख्त के प्रयास कर किये। लेकिन चेहरा गलने की वजह से रात में पहचान नहीं हो सकी। सोमवार को पुलिस ने 25 मार्च को होली मिलने निकले एक गुमशुदा युवक जिसकी थाने पर गुमशुदगी दर्ज थी उसके परिजनों को शव की शिनाख्त के लिए सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई ने कपड़ों, कड़े व हांथ में बने टैटू से शव की पहचान सूरज पुत्र ब्रजलाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गंगेई पोस्ट हाथिया कासिमपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर के रूप में की। फिलहाल मृतक के परिजनों ने किसी पर किसी भी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।


सूरज (फाइल फोटो)

# रैली निकाल कर स्कूल चलो अभियान के प्रति किया जागरूक

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नवीन शैक्षिक सत्र के पहले दिन क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भारी उत्साह नजर आया। स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ रैली निकाल कर किया गया व नवीन नामांकन कराने वाले बच्चों को माला पहनाकर स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस मौके पर अध्ययनरत छात्रों को पाठ्य-पुस्तकें भी वितरित की गई। अधिकांश विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम देखी गई।

प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में संकुल शिक्षक अनवर अली ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो रैली का शुभारंभ किया। रैली में बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और हाथों में रंग बिरंगे झण्डे लेकर नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण कर बच्चों को स्कूल भेजे जाने के लिए जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में नवीन शैक्षिक सत्र के पहले दिन 6 बच्चों का नामांकन किया गया व सबसे पहले नामांकन कराने वाले बच्चों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय न्यामूपुर एवं अकबर पुर में छात्रों को पुस्तकें वितरित की गई।

जूनियर हाईस्कूल गौरिया, जूनियर हाईस्कूल मानपुर, जूनियर हाईस्कूल डिंगुरापुर, प्राथमिक विद्यालय नौव्वापुर, प्राथमिक विद्यालय शाहाबाद तथा गनेश पुर आदि में भी स्कूल चलो रैली निकाली गई और अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।


रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते संकुल शिक्षक अनवर अली। अमृत विचार

## एक नजर

### रेलवे लाइन के बीच घायल अवस्था में मिला युवक, मौत

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के लुधौरा गांव के निकट रेलवे लाइन के बीच में एक युवक घायल अवस्था में मिला। मालगाड़ी के ड्राइवर मामले की सूचना स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने युवक की पहचान शिवम सिंह उर्फ छोटू (25) पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी लुधौरा कमलापुर के रूप में की है। पुलिस ने युवक के पास से एक अवैध असलहा और चाकू बरामद किया है।

### संगोष्ठी में दी जैविक खेती की जानकारी

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** दि सेकसरिया शुगर फैक्ट्री लिमिटेड बिसवां की ओर से क्षेत्र के ग्राम चहारपुर में रमाकांत त्रिपाठी के आवास पर गन्ना किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामकुशल सिंह ने किसानों को गन्ने की वैज्ञानिक खेती, सह फसली और जैविक कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अप्रैल माह में गन्ने की बुवाई में विशेष सावधानी बरतने और गाय के गोबर, गौमूत्र, और ट्राइकोडरमा के मिश्रण से जीवामृत बनाने और उसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसान रमाकांत त्रिपाठी के खेत में कृषि अवशेषों को बिना जलाए उनके प्रबंधन के लिए मलचर प्रदर्शन भी किया गया। इस गोष्ठी को चीनी मिल के उप गन्ना प्रबंधक अमरीश कुमार और सी डी ओ राज मिश्र ने भी संबोधित किया। गोष्ठी में सतीश वर्मा, कौशल, अखिलेश, मोहन लाल, सुरेश, कौशल यादव, राजकिशोर, बाबूराम, राजू, रामकुमार, अनवर, विनोद आदि भारी संख्या में गन्ना किसान उपस्थित रहे।

### जिला कृषि अधिकारी को मिला नया कार्यभार

**सीतापुर।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए कार्यालय आदेश चार फरवरी 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए मेरे द्वारा डाक मतपत्र व्यवस्था एवं ईटीपीबीएस व्यवस्था के लिए मनजीत कुमार, जिला कृषि अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सहायक प्रभारी अधिकारी (लेखन सामग्री) से अवमुक्त करते हुए डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस व्यवस्था हेतु सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नवीन सत्र के पहले दिन बच्चों का किया स्वागत

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** सभी परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नवीन सत्र की शुरुआत हो गई। सत्र के पहले दिन ऐलिया ब्लॉक के भगवंतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय भगवंतपुर में कक्षा एक से कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं को टीका लगाकर व फूल देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी सिंह, नीरज कुमारी, अंकिता गर्ग ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार बालक की मौत, पिता घायल

## ▶ मिट्टी खनन कर ले जा रहा ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार, केस दर्ज

संवाददाता, रेउसा/सीतापुर

**अमृत विचार।** थानगांव थाना इलाके में दवा लेकर घर जा रहे साइकिल सवारपिता-पुत्र को मिट्टी खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया। हादसे में साइकिल सवार मासूम की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घायल पिता को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के ललकपुरवा निवासी सोनू 50 वर्षीय अपने पुत्र रिंकू 12 वर्ष की साइकिल से दवा लेने सोमवार को हलीम नगर आया था। पिता पुत्र दोनों दवा लेकर घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्त में क्षेत्र के सरैया छतौना निवासी दिनेश सिंह की ट्रैक्टर ट्राली अवैध मिट्टी ले जाते वक्त हलीम नगर से पोखरा रोड़ पर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में पिता गंभीर रुप से घायल हो गया जबकि मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो ट्रैक्टर चालक कानों में ईयरफोन लगाये हुए जिसके चलते हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल पिता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हनुमंत लाल ने बताया तहरीर मिली है, ट्रैक्टर कब्जे में लेकर सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है।


हादसे के बाद मौके पर रोते-बिलखते परिजन व मौजूद स्थानीय ग्रामीण। अमृत विचार

# झील में नाव डूबने से युवक की मौत

**थानगांव।** रेउसा थाना इलाके में नाव से झील पार करते समय अचानक नाव डूबने से युवक की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को खोजकर बाहर निकाला।

ग्राम सालपुर निवासी संतोष (58) वर्ष पुत्र सियाराम अज्जेयपुर झील के उस पार खेतों में काम देखने के लिए अक्सर नाव से आते जाते रहते थे। सोमवार को सुबह खेत में सरसों की मड़ाई का कार्य चल रहा था। बताया जाता है कि काम निपटाने के बाद संतोष अज्जेपुर झील पार कर नाव से वापस अपने घर आ रहे थे। नाव जर्जर होने से नाव अचानक झील में डूब गई। हादसे में नाव सवार संतोष भी डूबने लगे। शोर सुनकर जब तक ग्रामीण पहुंचे तब तक वह डूब चुके थे। ग्रामीणों ने काफी तलाश करने के बाद लगभग 1 घंटे के बाद ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला तब तक संतोष की मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक रेउसा घनश्याम राम ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### गीता सिंह का भाजपाइयों ने किया स्वागत


कमलापुर में माला पहनाकर गीता सिंह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**सीतापुर, अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य रहीं सपा नेत्री गीता सिंह ने गत दिवस समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ज्वाइन करने के उपरांत व सोमवार को जिला कार्यालय पहुंची गीता सिंह का कमलापुर और जिला कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने स्वागत एवं अभिनंदन कर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे प्रशंसनीय कार्य से मातृशक्ति भाजपा में विश्वास जताती दिख रही है। इसका बड़ा उदाहरण यह है कि समाजवादी पार्टी में महिला विंग की बड़ी नेता रही गीता सिंह भाजपा में शामिल हो गई है। महिला शक्ति अधिनियम को कानूनी रूप मिलने के बाद आधी आबादी भारतीय जनता पार्टी को अपना भरपूर आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में यही मातृशक्ति भाजपा की विजय का इतना बड़ा इतिहास रचेगी कि जिसका हिसाब किताब सदियों तक कोई भी विपक्षी नहीं रख पाएगा। भाजपा नेत्री गीता सिंह राज्य महिला आयोग की सदस्य रह चुकी है। जिससे उन्हें महिलाओं की कठिनाइयों का ज्ञान है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सकारात्मक नीति के साथ महिलाओं के हित में गीता सिंह सहजता से कार्य कर सकेंगी आने वाला समय मातृशक्ति के सम्मान का समय है। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे सभी ने गीता सिंह को शुभकामनाएं दी।

### लकड़ी से भरी टैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने किया सीज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से काटकर बेचने जा रही गूलर की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को सीज करने की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोंगलीपुर नहर पुल पर पुलिस के द्वारा सामान्य चेकिंग के दौरान बिलरिया की तरफ से आ रही लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को जब जांच के लिए रोका गया तो उस पर बैठे दो लोग मौके से फरार हो गए, पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। वहीं तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, जब गूलर की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को जांच के लिए रोका गया तो दो लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने चालक मुस्तकीम निवासी बिलरिया, एजाज अहमद निवासी ग्राम कोरैया मजरा उदनापुर हरगांव व देशराज निवासी गांव किशनपुर को बंदी बनाया। उक्त लोगों ने बताया कि ग्राम किशनपुर के हनीफ और कल्लू मौके से फरार हो गए हैं, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मुस्तकीम, एजाज अहमद, देशराज, हनीफ व कल्लू के विरुद्ध ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र के वृक्षों के संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 व उप्र ट्रांजिट आफ टिंबर की धारा 3/28 की तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बाल मेले में बच्चों में की जमकर मस्ती, लगाये स्टॉल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नवीन सत्र के शुभारंभ मौके पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के इंग्लिश मीडियम प्राइमरी वर्ग शाखा में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिएं सम्पन्न होने के साथ कई स्टाल लगाये गये। सोमवार को आयोजित मेले का शुभारंभ प्रबंधक रमेश वर्मा, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दीप प्रज्जवलन कर किया। मेले में खाने-पीने व स्टेशनरी, खिलौनों, मिक्की माउस, झूला, बैलून सूट सहित करीब डेढ़ दर्जन स्टाल लगाए गए। मेले में जलेबी दौड़, पासिंग द बाल, नंबर सिस्टम, बकेट विद क्वाइन, ब्रेन फोकस गतिविधि, इन आउट गेम, शूटिंग बैलून्स, गोला फेंक सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस मौके पर डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य अवनीश अवस्थी, शिक्षिका प्रियांशी दीक्षित, वैष्णवी श्रीवास्तव, नेहा वर्मा, कहकशा अंजुम, प्रिया जैन, तस्लीम अख्तर, सना परवीन, तूलिका श्रीवास्तव, परवीन जहीर, प्रतिमा पांडेय, कुलदीप त्रिवेदी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने व्यवस्थाओं को सम्भाला। बाल मेले के दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती करने के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### ताबूत और मातमी जुलूस में गूंजी 'या अली' की सदाएं


मातमी जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** हजरत अली 19 रमजान को रोजे की हालत में मस्जिद-ए-कुफा (इराक) में जब सुबह की नमाज में सजदे में थे। अब्दुर्रहमान पुत्र मुलजिम नाम के व्यक्ति ने उन पर जहर भरी तलवार से हमला कर दिया था। दो दिन बाद 21वीं रमजान की रात फज्र नमाज से पहले उनकी शहादत हो गई। उन्हीं की याद में हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर के राजा किले से 21वीं रमजान को ताबूत और मातमी जुलूस शिया समुदाय की ओर से गमगीन माहौल में निकाला गया। महमूदाबाद नगर स्थित किले से वक्फ महाराजा के अंतर्गत जुलूस में शाही साज सज्जा से सुशोभित जिसमे अलम, ऊंट, दुलदुल, ताबूत, ताजिया, शामिल थे। जुलूस सोमवार सुबह करीब 9 बजे बरामद हुआ। जिसकी कियादत मुतवल्ली वक्फ मोहम्मद अमीर अहमद खान (डॉ. अली खान) कर रहे थे। जुलूस में अंजुमन हैदरी, अंजुमन सज्जादिया और अंजुमन अब्बासिया सोजख्वानी के साथ-साथ नौहाख्वानी व मातम कर रही थीं। जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ मीरगंज स्थित करबला पहुंचा। जहां पर गमगीन माहौल में श्या अलीश् की सदाओं के साथ ताबूत व ताजिये सुपुर्द-ए-लहद किए गए। जुलूस में सैकड़ो की तादाद में पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

# भ्रष्टाचार, झूठ और धोखे का मिश्रण है इंडी एलायंसः बाबूराम निषाद

▸▸ **भाजपा ने सदर केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का किया आयोजन**

**सीतापुर, अमृत विचार।** भाजपा ने सदर केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को भाजपा के राज्यसभा सांसद व पूर्व राज्यमंत्री रहे बाबूराम निषाद ने संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद बाबूराम निषाद ने बताया की गत दिवस इंडी एलायंस की रैली देखकर यह सिद्ध हो गया कि यह गठबंधन झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार पर आधारित है।

उन्होंने आगे बताया कि इंडी एलायंस का एक-एक नेता भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और एक दूसरे के भ्रष्टाचार की वकालत कर रहे हैं। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार को हटाने की बात करते हैं। वही ठगबंधन के नेता भ्रष्टाचारियों को बचाने की वकालत करते देखे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हैं 140 करोड़ लोगों के हक के लिए प्रधानमंत्री निरंतर संघर्ष करते हैं, जिन्होंने भी इनका हक लूटा है, उन्हें वापस करना होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद बाबूराम निषाद ने अभी बताया कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के भ्रष्टाचार में जेल गए हैं। उनको कई बार समन दिया गया लेकिन उन्होंने कानून का पालन नहीं किया इसी तरह समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में मौरंग और बालू का घोर भ्रष्टाचार किया था। राहुल, सोनिया जमानत पर बाहर है और यह चाहते हैं कोई इनके घोटाले की बात न करें और जांच एजेंसियां भी इनके खिलाफ कार्यवाही ना करें ऐसा मोदी सरकार में संभव नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में कोई भी भ्रष्टाचारी बचने वाला नहीं है इसीलिए सारे भ्रष्टाचारी एक घाट पर आ गए हैं। इंडी रैली के माध्यम से अपने झूठ का प्रचार कर रहे हैं, देश की जनता सब जानती है और उनके झूठ को करारा जवाब देने जा रही है। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है और 2024 के चुनाव में जनता नरेंद्र मोदीजी को आशीर्वाद देकर भारत को तीसरी बार सुरक्षित हाथों में देने का कार्य करेगी कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व राज्यमंत्री बाबूराम निषाद व साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

# शस्त्र फैक्ट्री के साथ दो गिरफ्तार, असलहे बरामद

**लहरपुर, अमृत विचार।** सोमवार को कोतवाली पुलिस ने ग्राम कुटी सुपौली में चैका नदी के पास से शस्त्र फैक्ट्री के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह व पुलिस टीम के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस के द्वारा ग्राम कुटी सुपौली में चैका नदी के पास राजेंद्र के खेत से अवैध असलहे निर्माण करते हुए सोने लाल पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम लोनियान पुरवा मजरा कुटी सुपौली थाना लहरपुर, जगजीवन पुत्र महावीर निवासी ग्राम मंजरी करिंदा थाना लहरपुर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

पुलिस ने दावा किया है कि, एक अदद 12 बोर बंदूक चालू हालत में व एक अदद तमंचा 12 बोर चालू हालत में (अध्दी), 2 अदद तमंचा 12 बोर चालू हालत में, एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर चालू हालत में, 4 अदद बाड़ी तमंचा अधबनी, 4 अदद नाल लोह 12 बोर, 1 खोखा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 12 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर व एक अदद बोरा तमंचे के हिस्से पुर्जे व तमंचा के उपकरण व अन्य सामग्री बरामद हुआ हैं।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, अभियुक्त सोने लाल काफी शातिर किस्म के अपराधी है जिस पर जनपद में व जनपद देवरिया 5 मुकदमे पहले से ही दर्ज है। अभियुक्त जगजीवन पर लहरपुर थाने में एक मुकदमा दर्ज है, दोनों अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है।


शस्त्र फैक्ट्री के साथ पकड़े गये दो आरोपी व गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम।

## धर्म-कर्म

**अविनाश म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ के कलाकारों ने श्रीराम दरबार की सजीव झांकियों का किया मंचन**

# भजन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, श्री राम के जयकारों से गूंजा पंडाल


प्रभु श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान के वेश में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** भाजपा के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा द्वारा ग्राम गूरेपारा बालाजी ब्रिक फील्ड पर आयोजित रविवार देर शाम भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक भगवान के भजनों पर झूमते रहे।

अविनाश म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ के कलाकारों ने भगवान श्री राम दरबार की सजीव झांकियों का भव्य मंचन किया। जिसे देखकर उपस्थित लोग भक्ति रस में डूब गए और पूरा क्षेत्र जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर कलाकारों ने भगवान के भजनों का ऐसा समां बांधा कि उपस्थिति लोग मंत्र मुग्ध हो गए। लखनऊ से आए कलाकारों ने जब श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन का पाठ किया, तो सारा पंडाल प्रभु श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में श्री राधा कृष्ण की सजीव झांकियों के मध्य भव्य फूलो की होली का भी मंचन कर किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, सांसद राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, जिला मंत्री उदित बाजपेई सहित भारी संख्या में सदस्य क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधान, सभासद एवं भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जमीन के बंटवारे को लेकर देवरों ने भाभी को पीटा

**रेउसा।** शिवपुरी मजरा माधवपुर निवासी बेवा इमरती पत्नी स्व. बालकराम का गांव में देवर, रोहित, पवन से जमीन का बटवारे को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान देवर रोहित,पवन ने बाल पकड़कर घसीटते हुए दौड़ाकर सरेराह महिला को गांव में पीटा। मारपीट के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर सुनील यादव ने बताया महिला का पैर टूट गया। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम प्रभारी ने बताया कि महिला के साथ की सूचना मिली है,महिला का मेडिकल कराया जा रहा है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार : लालगंज थाना के राजापुर तिराहा से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है। लालगंज थाना के एसआई विजय कुमार राय मय हमराह कांस्टेबल के साथ गस्त कर रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक आरोपित राजापुर तिराहा पर एक प्लास्टिक के गैलन में कच्ची शराब लेकर खड़ा है कही जाने के फिराक में है साधन का इंतजार कर रहा है कि मौके पर पंहुचकर आरोपित राजापुर निवासी बुद्धिराम को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष लालगंज अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### पति से नाराज पत्नी ने ट्रेन के नीचे आकर जान दी

चुनार (मिर्जापुर), अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चैकी चकगंभीरा धौंहा बहेरी गांव में की सुबह 6 .30 बजे महिला ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मृतका लक्ष्मीना देवी उम्र 36 साल पत्नी आकाश पाल। ग्रामीणों की सूचना पर चकगंभीर चैकी इंचार्ज हरिकेश सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल में पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गये मृतक महिला पति से सुबह अनबन होने से नाराज होकर घर से मात्र 500 मीटर दूर ट्रेन के नीचे लेट गई शक्ति नगर की तरफ से मालगाड़ी आ रही थी चुनार की तरफ महिला इस दौरान लेट गई और ट्रेन से कट गई। मृतका की शादी 12 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। जिसके दो बच्चे आकाश 8वर्ष आर्यन 6 वर्ष है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# दूध कारोबारी का हत्यारा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## मोबाइल के विवाद में हुई थी घटना, पहले से दर्ज हैं कई केस

संवाददाता, प्रयागराज



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

अमृत विचारः रविवार भी देर रात फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर बाजार में दूध कारोबारी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी बुल्ला बदमाश को पुलिस ने सोमवार की भोर में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

फाफामऊ के गद्दोपुर के रहने वाला संदीप पाल (18) दूध का करोबार करता था। वहीं गांव का ही अर्श उर्फ़ बुल्ला पुत्र मकबूल ने संदीप से मोबाइल खरीदा था। मोबाइल खराब होने के बाद अर्श अपना पैसा वापस मांग रहा था। जिसको लेकर पहले भी कहासुनी हुई थी। रविवार की रात संदीप अपनी दुकान एक अपने साथी नरेश के साथ बैठा था। तभी अर्श पहुंचा और दोनो के बीच विवाद शुरु हो गया। बात बढ़ते ही अर्श ने तमंचा निकाल कर संदीप के सिर में गोली मार दिया। उस दौरान साथ रहे संदीप के साथी नरेश ने अर्श को पकड़ना चाहा तो उसपर भी फायर झोंकते हुए मौके के भाग निकला। घटना में नरेश भी घायल हो गया। हत्या के बाद सनसनी फैल गयी।सूचना पर पुलिस और डीसीपी ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वही घायल को एस आर एन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया था। घटना के बाद आधी रात तक पुलिस हमलावर की तलाश करती रही। वारदात के 5 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी अर्श उर्फ़ बुल्ला को रेलवे स्टेशन के समीप मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। अर्श उर्फ बुल्ला पुत्र मकबूल ने पुलिस पर गोली चलाई थी। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की तो बुल्ला के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को मुठभेड़ के दौरान एक तमंचा कारतूस एक बाइक मिली है। बुल्ला के खिलाफ कई मामले पहले से भी दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज संदीप पाल की हत्या के दौरान मौजूद लोगों ने अर्श की पहचान की। उधर, इस मामले में गंगा नगर के डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि हत्या मोबाइल के लेन-देन को लेकर हुई है। रात में ही पुलिस टीम में सर्च ऑपरेशन चलाकर आरोपी अपने उर्फ़ बुल्ला की तलाश कर रही थी। वह आधी रात के बाद ट्रेन से बाहर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने सर्च कर उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

### हलिया में हैंडपंप खराब होने से गहराया पेजयल संकट

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार : विकास खंड के ग्राम पंचायत देवहट के उमारमण सिंह के घर के पास स्थित हैंडपंप करीब एक सप्ताह से खराब हो गया है। हैंडपंप मरम्मत कार्य कराने के लिए बस्ती के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता व सचिव सौरभ यादव को अवगत कराया लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव के लापरवाही के कारण हैंडपंप का मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से बस्ती में पेयजल की संकट बढ़ गई है जिससे बस्ती के लोगों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। गांव निवासी उमारमण सिंह ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराते हुए हैंडपंप मरम्मत कार्य कराने की मांग की है।

## इलाज कराने आए अधेड़ की मौत

कुंडा, अमृत विचार : प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज बाघपुर निवासी 50 वर्षीय रामखेलावन गौतम पुत्र हरिलाल सोमवार को इलाज करवाने कुंडा के मनगढ़ भक्तिधाम अस्पताल आये थे। साथ में उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी भी थी और वह अपने बारी का इंतजार कर रहे थे,तभी तबीयत ज्यादा खराब होने पर वह गिरकर बेहोश हो गए। घबराई पत्नी तुरन्त एम्बुलेंस से सीएचसी कुंडा ले आई,यहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद पत्नी बिलखने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस पहुंची। मनगढ़ चौकी इंचार्ज रवि शंकर तिवारी ने बताया कि बीमारी से अधेड़ की मौत हो गई। शव परिजनों को दिया गया।

## रानीगंज के मुआर में करंट से बच्ची की मौत

रानीगंज प्रतापगढ़, अमृत विचार : खेलते समय विद्युत पोल में लगे स्टे वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने हादसे की वजह पुलिस विभाग को बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रानीगंज थाना क्षेत्र के मुआर आधारगंज निवासी विनोद कुमार पटेल की तीन वर्षीय पुत्री आयुषी सोमवार सुबह करीब आठ बजे घर से कुछ दूरी पर शहतूत के पेड़ के पास खेल रही थी। बगल में ही स्थित विद्युत पोल में लगे स्टे वायर में करंट उतरने के कारण वह करंट की चपेट में आ गई,जिससे वह झुलस कर घायल हो गई। आस - पास के लोगों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद आयुषी के चाचा बिन्द्रेश पटेल ने रानीगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि मेन लाइट को स्टे वायर से जोड़ दिया। इससे करंट उतर आया। आरोप है की जेई विनय जायसवाल को तार सही कराने के लिए सूचना दी गई थी,बावजूद इसके समस्या दूर नहीं हुई। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है,जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आग से पांच घरों की गृहस्थी राख

कुंडा, अमृत विचार : दिलेरगंज गांव निवासी जियालाल सरोज की बेटी सीमा सोमवार शाम घर में खाना बना रही थी। उस समय अचानक चिंगारी उठने से आग लग गई। जिसकी चपेट में बगल के पांच झोपड़े आ गए। जिसमें जियालाल सरोज,राम बहादुर सरोज,पन्ना लाल सरोज, महेश सरोज,नंद लाल सरोज के घरों के छप्पर और गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग बुझाने के दौरान जियालाल, कुसुम, बजरहिन झुलस गई। सभी को इलाज के लिए सीएचसी कुण्डा लाया गया। कुण्डा विधायक राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव,पूर्व प्रमुख संतोष सिंह, शिवकुमार तिवारी,धवल सिंह ने आर्थिक सहयोग दिया।

# रंगोत्सव कार्यक्रम में उड़ा अबीर-गुलाल

संवाददाता, जौनपुर



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचारः रंगोत्सव के पावन पर्व होली पर भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने शहर के एक लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जहां आये अतिथियों, विभिन्न संगठनों एवं व्यापारियों को जिलाध्यक्ष विवेक सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने अबीर-गुलाल लगाकर आपस में प्रेम व भाईचारा बनाये रखने का संकल्प लिया।

इस मौके पर ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली हुई जहां सुप्रसिद्ध गायक अवनीन्द्र तिवारी एवं रानी सिंह ने पारम्परिक होली गीत प्रस्तुत किया। साथ ही गायक मनोज सोनी कोमल के जोगीरा ने व्यापारियों को होली में सराबोर कर दिया। इस दौरान पर अतिथि के रूप में मौजूद गिरीश चन्द्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार, कृपाशंकर सिंह पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र सरकार, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह समारोह में सम्मिलित होकर सभी को होली की बधाई दिया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री रविन्द्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम में सभी को होली की बधाई दी।

इस अवसर पर जिला संयोजक शंशाक सिंह रानू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह रिंकू, रवि अग्रहरि, विमल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, नगर युवा अध्यक्ष अमित जायसवाल, नगर युवा महामंत्री योगेश साहू, जयकिशन साहू, अजीत सोनकर, रूप नारायण माली, संतोष साहू, मो. दानिश, विपुल सिंह, मो. सिराज सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की जलालपुर इकाई अध्यक्ष अभिषेक अग्रहरि, गौराबादशाहपुर इकाई के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू सहित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मनीषदेव मंगल ने किया। समारोह में व्यापार मण्डल की तरफ से देवेश वैश्य, धर्मेन्द्र सिंह, राजकुमार कश्यप, संतोष साहू, दिलीप साहू, संजीव साहू, अभिषेक बैंकर, मो. बिस्मिल्लाह, रोहित सेठ, दिलीप जायसवाल, ध्रुव जायसवाल, विनोद ओमर, राज केसरी, राकेश जायसवाल, मनोज विश्वकर्मा, अनिल हरलालका आदि रहे।

# सस्टेनेबल बायोटेक्नोलोजी फॉर हेल्थ केयर मैनेजमेंट पर हुई गोष्ठी



गोष्ठी में विचार व्यक्त करते वक्ता। अमृत विचार

जौनपुर, अमृत विचारः वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के संगोष्ठी भवन में सोमवार को ऑफिस फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स, सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में सस्टेने बल बायो टेक्नोलोजी फॉर हेल्थ केयर मैनेजमेंट पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। बतौर मुख्य वक्ता आईं एएएम में प्रोफेसर हरबर्ट ग्लिटर रिसर्च ग्रुप के लीडर पद पर रहे डॉ अंशुमान मिश्र ने सस्टेनेबल बायोटेक्नोलॉजी फॉर हेल्थकेयर मैनेजमेंट की जरूरत के बारे में बताया ।उन्होंने कहा कि बीमारी की जांच से ज्यादा फैलाने के रोकथाम पर ध्यान दें। उन्होंने महामारी में प्रमुख चुनौतियों और सार्वजनिक स्वस्थ प्रबंधन और जलवायु की चुनौतियों पर गौर फरमाया।सस्टेनेबल बायोटेक्नोलॉजी की आवश्यकता बताई इस आयोजन में ईव एंडरसन की उपस्थिति रही जो कि इंडोस्कैंडिक आर्गेनाइजेशन स्वीडन के सदस्य है। इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार शर्मा, प्रो. मनीष कुमार गुप्ता, अभिषेक कन्नौजिया और अन्य समस्थ विद्यार्थी व सेमिनार समिति के सदस्य रहे।

# नदीम जावेद बने यूपी कांग्रेस के स्टार प्रचारक

जौनपुर, अमृत विचारः उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीट पर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी तेज़ कर दी है। 19 अप्रैल को प्रथम चरण संपादित हो रहे चुनाव से पहले बीजेपी के साथ ही कांग्रेस ने भी अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है । कांग्रेस की कम्पैनिंग लिस्ट में इन दिग्गजों के साथ अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, जौनपुर के पूर्व विधायक नदीम जावेद का नाम शामिल है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से रविवार को उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची जारी हुई है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय,सचिन पायलट, राजीव शुक्ला, के साथ नदीम जावेद का नाम भी इन दिग्गजों में शामिल किया गया है। इसके अलावा प्रमोद तिवारी, इमरान प्रतापगढ़ी, पीएल पुनिया, निर्मल खत्री, इमरान मसूद समेत कुल 40 लोग स्टार प्रचारक बनाए गए है खेतासराय इलाके के पाराकमाल गांव के मूल निवासी नदीम को स्टार प्रचारक बनाएं जाने की सूचना पर कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त हो गई । जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज़, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह, प्रवक्ता हम्माम वहीद, राहिल अब्दुल्लाह आदि ने बधाई दी है।

### ट्रांसफार्मर की चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख

राजगढ़ (मिर्जापुर), अमृत विचार : राजगढ़ क्षेत्र के धनसिरीया ग्राम सभा के सतौहा में किसान अमृत लाल सिंह कितने अपने खेत पर सिंचाई के लिए किसान पंप सेट योजना के तहत उच्च क्षमता का विद्युत कनेक्शन लिया है। कई सालों से बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने एवं जर्जर बिजली के तारों से आपूर्ति की जा रही है। हर साल गर्मी शुरू होते ही बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जल का राख हो जाती है। एक तरफ लू का प्रकोप तो दूसरी तरफ जर्जर बिजली के तार से बिजली की सप्लाई से निकली चिंगारी से अमृत लाल सिंह के एक बीघा गेहूं की फसल जल का राख हो गई। किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया और मिट्टी बालू डालकर आग को बुझाया गया। पुरैनिया में सड़क के किनारे जर्जर बिजली के तार खाबो में लटक रहे हैं लेकिन इसे बलवान के लिए बिजली विभाग के पास समय नहीं है।

## पैसा डबल करने के नाम पर अपनादल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव पर केस

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचारः अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव व सोरांव के पूर्व विधायक जमुना प्रसाद सरोज के खिलाफ़ नैनी कोतवाली में रविवार की देर रात को भी दो पीड़ितों की शिकायत के ममले में गबन समेंत कई धाराओं में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई है। इससे पहले भी दो लोगो ने लाखों गबन की रिपोर्ट पूर्व विधायक के खिलाफ के नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

रविवार को महेवा पश्चिम पट्टी की रहे वाल निकिता कुमारी ने कोर्ट कोर्ट में अर्जी शिकायत की है कि पूर्व विधायक जमुना प्रसाद ने अपनी कंपनी में धोखाधड़ी करके पीड़िता से चार लाख रुपये जमा कराए। जिसमे पीड़िता को रुपया दोगुना देने का वादा किया गया।

इसी प्रकार महेवा निवासी नरेंद्र कुमार से भी कंपनी में 6 लाख 75 हजार रुपया इन्वेस्ट कगया गया। जिनसे वायदा किया गया कि उनका रुपया दो गुना कर दिया जाएगा। समय अवधि पूरी होने पर पीड़ितो को न तो उनका मूल धन वापस किया न नही रकम दोगुनी करके दी गई। रुपया मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। रविवार को नैनी कोतवाली में पूर्व विधायक के खिलाफ कई धाराओं में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई।

# पुलिस आयुक्त के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी



संवाददाता, प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमीन के एक विवादित प्रकरण में मारपीट की एफआईआर दर्ज न करने को लेकर प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह भी कहा है कि मामले की एफआईआर दर्ज कर 15 जुलाई तक अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या पुलिस आयुक्त कोर्ट में पेश हो। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने फूलपुर के याचिका इश्तियाक की ओर से दाखिल और मानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित दिया है। मामला फूलपुर थाना क्षेत्र के मैलाहन गांव का है। जहां वकील प्रणेश मिश्रा ने बताया कि याची की कृषि भूमि पर पड़ोसी मोहम्मद शाहिद उनके भूमि पर कब्जा कर रहे थे। 20 जनवरी को मना करने के बावजूद उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसकी तहरीर पीड़ित ने फूलपुर थाने में दी थी, लेकिन मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ललिता कुमारी के मामले में पारित आदेश का हवाला देते हुए प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के खिलाफ और अवमानना याचिका दायर की थी।

## 344 गांवों में ठप है कार्य, निरस्त होंगे मनरेगा जाबकार्ड

प्रतापगढ़ अमृत विचार : किसी का जाबकार्ड बॉक्स में बंद है तो किसी का प्रधान और रोजगार सेवक के पास रखा हुआ है। मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस भुगतान की व्यवस्था लागू होने के बाद लंबे समय से काम न करने वालों तथा ऐसे जाबकार्ड को रद करने की कवायद चल रही है।

जबकि 344 गांवों में मनरेगा कार्य ठप है। जिले में 3 लाख 48 हजार 239 जाबकार्ड बने हुए हैं, जबकि दो लाख 47 हजार 974 सक्रिय जाबकार्ड धारक हैं। इसमें एक लाख 265 जाब कार्डधारक निष्क्रिय हैं।

# प्रत्याशी का अलग से होगा बैंक खाता

प्रतापगढ़, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों को अलग से बैंक खाता खोलवाना होगा। नामांकन के दौरान बैंक खाते का ब्योरा रिटर्निंग आफिसर को देना होगा। चुनाव का खर्च नए खाते से ही किया जाएगा। खर्च का एक रजिस्टर भी बनाना होगा। चुनाव समाप्त होने के तीन महीने के अंदर चुनाव खर्च का पूरा रिकार्ड जिला स्तरीय कमेटी को व्यय समीक्षा के लिए मुहैया कराना होगा।

कौशाम्बी लोकसभा के लिए 20 मई और प्रतापगढ़ लोकसभा के लिए 25 मई को मतदान होना है। प्रतापगढ़ में भाजपा और समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। चुनाव तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही निर्वाचन आयोग भी सक्रिय हो रहा है। तरह-तरह की गाइड लाइन जारी कर रहा है। उसका अनुपालन कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को कहा गया है।

इस बार भी आयोग से यह फैसला लिया है कि लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान अलग से बैंक खाते का विवरण सबमिट करना होगा। इसका पूरा ब्योरा रिटर्निंग आफीसर को देना पड़ेगा। चुनाव होने के बाद खर्च के पूरे ब्योरे की निर्वाचन अधिकारी समीक्षा करेंगे।

# सपा के पूर्व विधायक लेंगे कांग्रेस की सदस्यता

संवाददाता, प्रयागराज



अमृत विचारः लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी घोषित होने के बीच सपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण सिंह कांग्रेस पार्टी से प्रयागराज लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। उज्ज्वल मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे। लखनऊ में पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में वह कांग्रेस का दामन थामेंगे। उनको ज्वाइन करने के लिए लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

बताते चलें कि सपा के कर्मठ और कद्दावर नेता कहे जाने वाले करछना से विधायक रहे उज्ज्वल रमण सिंह मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की कलाई पकड़ लेंगे। उनको शामिल करने का कार्यक्रम कांग्रेस के लखनऊ पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम इंडिया गठबंधन के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। प्रयागराज(इलाहाबाद) लोकसभा सीट से उज्जवल रमण सिंह का चुनाव लड़ना तय हो गया है। यह भी बताया जा रहा है कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव और कुंवर रेवती रमण सिंह की सहमति से ही उज्जवल रमण सिंह कांग्रेस में शामिल होंगे।

### कांग्रेस के बड़े नेताओं ने रेवती से की थी भेंट

उज्जवल रमण सिंह के कांग्रेस में जाने भी अटकलें कई दिनों से चल रही थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के प्रभारी अविनाश पांडे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने पीजीआई में रेवती रमण से मुलाक़ात की थी। जिसके बाद उज्जवल रमण के कांग्रेस के टिकट पर प्रयागराज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा जोरों पर चल रही थी। रेवती रमण सिंह करछना विधानसभा सीट से आठ बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा प्रयागराज (इलाहाबाद) संसदीय लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद चुने गए। भाजपा के नेता डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी को पराजित किया था।

# अतीक के शूटर ने किया कोर्ट में सरेंडर

## राजू पाल हत्याकांड में इसरार को मिली है आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचारः प्रयागराज की सबसे बड़ी दिल दहला देने वाली घटना राजू पाल हत्याकांड में सजा पाने वाले आरोपी इसरार आज सोमवार को सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। प्रयागराज कमिश्नट्रेट पुलिस लगातार कई दिनों से इसरार की तलाश में छापेमारी कर रही थी। शूटर इसरार के घर के आलावा रिश्तेदारों के यहां लगातार दबिश पड़ने के कारण वह परेशान हो गया और दबाव में आकर लखनऊ सीबीआई कोर्ट में पहुंचकर आत्मसम्पर्ण कर दिया।

**18 साल बाद आया फैसलाः** 25 जनवरी 2005 प्रयागराज में गणतंत्र दिवस की तैयारी के बीच सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अचानक गोलियों की तड़ततड़ाहट से पूरा शहर ही नहीं पूरा प्रदेश हिल गया था। विधायक राजू पाल को घेर कर गोलियों से भूनकर उसे मौत के घाट उतार दिया या। यह प्रयागराज की वह घटना है जिसे कोई भुला नहीं सका है। राजूपाल हत्याकांड मामले में माफिया अतीक के करीबी फरहान, आबिद प्रधान, अब्दुल कवि, रंजीत पाल, गुल हसन, जावेद को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के वक्त सीबीआई कोर्ट लखनऊ में मौजूद रहे। सजा सुनाये जाने के बाद सभी के चेहरे में उतर गये थे। इन सात आरोपियों में एक इसरार फरार था। उसने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### अतीक के शार्प शूटर अब्दुल के भाइयों पर शिकंजा

प्रयागराज, अमृत विचार : राजुपाल हत्याकांड में आरोपी माफिया अतीक के करीबी शूटर अब्दुल कवि के भाइयो पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। सोमवार को सराय अकिल थाना क्षेत्र के भकंदा गांव में पुलिस और प्रशासन ने अब्दुल कादिर और अब्दुल वली के घर पर मुनादी कराकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। इस दौरान कई थाने की फोर्स और पीएसी बल मौजूद रहा। मालूम हो कि अब्दुल कवि माफिया अतीक अहमद का खास शूटर है। इसके ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है। राजूपाल हत्याक़ांड में भी कवि और उसके भाई आरोपी है। राजूपाल हत्याकांड में अब्दुल कवि को उम्रकैद की सज़ा मिली है। सोमावर को प्रयागराज पुलिस कमीश्नर्ट्रेट और प्रशासन ने कई थाने की फोर्स और पीएसी के साथ पहुंचकर मुनादी कराते हुए कुर्क कि नोटिस को चस्पा करा दिया। मालूम हो कि उमेश पाल हत्याक़ांड के बाद से पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही थी। कौशाम्बी में कई बार पुलिस ने छापेमारी भी की थी। जहां पुलिस को अब्दुल कवि के भाइयों के घर से भारी मात्रा हथियार मिले थे। गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद से दोनों भाई फरार चल रहे है।

### सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने आयोजित किया समारोह

जौनपुर, अमृत विचार : सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने नगर के एक लॉन में आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विगत माह से दिए जा रहे हैं मासिक ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया, जिसमें 20 ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षित युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा वर्ष पर्यंत उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सखी शीला राय को बेस्ट सखी अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका सुसुमलता यादव, जेसीआई चेतना अध्यक्ष मीरा अग्रहरि, समाजसेवी इंदिरा जायसवाल, मीना गुप्ता एवं समस्त सखी वेलफेयर टीम के सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ होली खेली। साथ ही साथ एकदूसरे को बधाई भी दी।

# हादसे में एलएलबी के छात्र की गई जान

प्रतागराज, अमृत विचारः हंडिया थाना क्षेत्र के तिवारीपुर भूपट्टी में अज्ञात वाहन की टक्कर से एलएलबी के छात्र की सोमवार को मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी ऊपरदहा भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी परिवार को मिली तो घर में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक तिवारीपुर भूपट्टी गांव के रहने वाले रत्नेश कुमार तिवारी (37) पुत्र स्व. कड़ेदीन तिवारी एलएलबी का छात्र था। वह हंडिया तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता वेद प्रकाश शुक्ला के यहां प्रैक्टिस करता था। सोमवार को तहसील जाते समय धनपुर बाजार के पास किसी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरा और उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। मौके पर रहे राहगीरों की सूचना पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी घर वालों को दे दी।

### होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर, अमृत विचार : केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर का होली मिलन कार्यक्रम बदलापुर पड़ाव में संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष शकील अहमद ने सभी को शुभकामनाएं दीं। पंकज सिन्हा के कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। होली गीत, फगुआ और भोजपुरी गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर बंशीधर मौर्य, अखिलेश श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, सुनील गुप्ता, महेश पाण्डेय, अमित पाण्डेय आदि रहे।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पत्नी राजवन्ती (उम्र 58 वर्ष) की मानसिक तनाव के कारण मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। उनकी बात पर ध्यान न दें,अपशब्द से बचें। मोबाइल नम्बर 9720205849 पर सम्पर्क करें। **प्रयागदीन यादव,निवासी – अमहरा पूरे बड़गौं, पोस्ट – तिवारीपुर,थाना – मानिकपुर, तहसील – कुण्डा, जिला – प्रतापगढ़, उ.प्र.।**

